# मणिपुरी के लिए डा. थोकचोम को साहित्य अकादमी पुरस्कार

वि, नई दिल्ली : साहित्य अकादमी ने मणिपुरी भाषा में साहित्य अकादमी पुरस्कार-2021 की सोमवार को घोषणा कर दी। मणिपुरी भाषा में इस बार का साहित्य अकादमी पुरस्कार देने के लिए डा. थोकचोम इबोहनवी सिंह को चुना गया है। डा. थोकचोम इंफाल के रहने वाले हैं। डा. इबोहनवी सिंह का चयन उनकी पुस्तक मणिपुरीदा पुंशी वारिगी साहित्य के लिए हुआ है। यह मणिपुरी जीवन साहित्य पर लिखी गई आलोचनात्मक पुस्तक है। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुस्तक का चयन तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने किया है। निर्णायक मंडल में प्रो. अरंबम बिरेन सिंह, एल जायचंद्र सिंह एवं युमलेंबम इबोमचा शामिल थे।

# डॉ. थोकचोम को साहित्य अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने डॉ. थोकचोम इबोहनवी सिंह को उनकी पुस्तक मणिपुरीदा पुंशी वारिगी साहित्य के लिए मणिपुरी भाषा में साहित्य अकादमी पुरस्कार 2021 से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है। यह पुस्तक मणिपुरी जीवनी साहित्य पर लिखी गई है। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुस्तक का चयन त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से किया है।